बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या–26/2024, प्रधानाध्यापक एवं विज्ञापन संख्या–25/2024, प्रधान शिक्षक के पदों पर नियुक्ति हेतु लिखित (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा क्रमशः दिनांक–28.06.2024 एवं दिनांक–29.06.2024 को एकल पाली में 12:00 बजे मध्याह्न से 02:30 बजे अपराह्न तक आयोजित की जायेगी।

उक्त दोनों प्रतियोगिता परीक्षा के लिए दिनांक–21.06.2024 से प्रवेश–पत्र (e-Admit Card) डाउनलोड करने की प्रक्रिया प्रारम्भ होगी।

1. अभ्यर्थी प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने से पूर्व अद्यतन पासपोर्ट साईज फोटाग्राफ (25 kb) अपने Dashboard में Login के उपरांत अपलोड करेंगे एवं यदि किसी अभ्यर्थी के ऑनलाइन आवेदन में नाम, पिता का नाम एवं माता का नाम में त्रुटि है तो प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने से पूर्व फोटोग्राफ अपलोड करते हुए अपना सही नाम/पिता का नाम/माता का नाम निर्धारित स्थान पर अंकित करेंगे। उसके बाद ही प्रवेश–पत्र डाउनलोड होगा। डाउनलोड किये गये e-Admit Card में अभ्यर्थी को आवंटित परीक्षा केन्द्र कोड के रूप में दर्ज होगा, जिसमें केन्द्र कोड (Centre Code) एवं जिला का नाम अंकित रहेगा।
2. सभी अभ्यर्थी प्रवेश–पत्र की एक अतिरिक्त प्रति अपने साथ परीक्षा केन्द्र ले जाना सुनिश्चित करेंगे एवं परीक्षा अवधि में वीक्षक के समक्ष हस्ताक्षर कर उन्हें सुपूर्द कराना सुनिश्चित करेंगे।
3. परीक्षा केन्द्र कोड के संबंध में विस्तृत जानकारी दिनांक–25.06.2024 से उपलब्ध करायी जायेगी। दिनांक–27.06.2024 तक प्रवेश–पत्र निश्चित रूप से डाउनलोड कर लेंगे।
4. अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के 1 घंटा पूर्व तक ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति दी जायेगी अर्थात 1 घंटा पूर्व प्रवेश बंद कर दिया जायेगा। परीक्षा अवधि की समाप्ति के पश्चात् Used OMR Answer Sheet को सील बंद करने के पश्चात् ही परीक्षा कक्ष छोड़ेगें।

20.6.2024

अपर सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना